16.14 hrs.

Title: Discussion on the Constitution (Ninety-Third Amendment) Bill, 2001 (Insertion of new article 21A, Substitution of new article for article 45 and Amendment of article 51A). (Bill passed)

मानव संसाधन विकास मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा महासागर विकास मंत्री (डॉ.मुरली मनोहर जोशी) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव* करता हूं :

'कि भारत के संविधान में और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।'

अभी-अभी सदन ने संविधान संशोधन का एक बहुत महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया है। वैसा ही एक महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक मैं आज प्रस्तावित करने के लिए सदन के सामने उपस्थित हूं। यह एक ऐतिहासिक विधेयक है और इसके पारित हो जाने से भारत की चतुर्मुखी प्रगति के लिए रास्ते खुलेंगे, सामाजिक न्याय और भारत के प्रत्येक बालक और बालिका को सुशिक्षित होने का सुअवसर मिलेगा। आज भारत विश्व के सबसे अधिक धनी जनसंख्या वाले देशों में अकेला देश बचा है जिसमें यह व्यवस्था हम लागू नहीं कर पाए। हाल ही में हमारे पड़ोसी बंगलादेश ने भी ऐसी व्यवस्था अपने यहां कानूनी तौर पर स्थापित कर दी है।

दुनिया के जितने भी बालक-बालिकाएं अशिक्षित हैं उनकी बहुत बड़ी संख्या भारत में है। इस देश में 6 वर्ा से 14 वर्ा की आयु के लगभग 21 करोड़ बालक-बालिकाएं इस देश में हैं और जिनमें से 20 प्रतिशत बालक और बालिकाएं इस शिक्षा व्यवस्था के दायरे के बाहर हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है। यह हमारे देश के लिए एक ऐसा अभिशाप है जिससे हमें जल्दी से जल्दी मुक्त होना चाहिए। पिछले दशक में 1991 से 2001 तक शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने बहुत प्रगति की है। आज हमारी साक्षरता दर लगभग 66 प्रतिशत हो गयी है और सबसे बड़ी प्रसन्नता की बात यह है कि पिछले तीन-चार वर्ाों में जिस रफ्तार से हम आगे बढ़े हैं वह रफ्तार जारी रही तो हम बहुत शीघ्र ही जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे उससे पहले ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

*Moved with the recommendation of the President.

भारत की स्थिति आज जो हैं वह हमेशा नहीं थी। मैं पुराने इतिहास में जाना नहीं चाहता हूं जब भारत के विश्वविद्यालय दुनिया में प्रसिद्ध थे और दुनिया से तमाम लोग भारत में शिक्षा ग्रहण करने आते थे। वे सारी बातें सदन को और देश को मालूम हैं। लेकिन यह जरूर कहना चाहूंगा कि अंग्रेजों के आने से पहले हमारे देश में जो शिक्षा की स्थिति थी वह अंग्रेजों के 50-60 साल के शासन में ही बहुत अधिक बिगड़ गयी थी। हमारी शिक्षा और विशेाकर प्राथमिक शिक्षा के प्रति उदासीनता का उस जमाने में बहुत बड़ा कारण अंग्रेजी शासन था। महात्मा गांधी जी ने बहुत जोरदार शब्दों में सन 1931 की गोल मेज कांफ्रेंस में एक बात कही थी, जो बहुत महत्वपूर्ण हैं :-

> "We have the education of this Future State, that is India. I say without fear of my figures being challenged successfully, that today India is more illiterate than it was 50 or 100 years ago and so, is Burma because the British Administrators when they came to India, instead of taking hold of things as they were, began to root them out. They scratched the soil and began to look at the root and left the root like that and the beautiful tree perished. The village schools were not good enough for the British Administrator. So, he came out with his own programme. Every school must have so much paraphernalia, so much building and so forth, well, there were no such schools at all. There are statistics left by the British Administrator which show that in places where they have carried out a survey, ancient schools have gone by the Board because there was no recognition for these schools and the schools established after the European pattern were too expensive for the people; and therefore, they could not possibly overtake the thing."

यह उन्होंने उस समय की परिस्थिति के बारे में वर्णन किया। मेरे पास वह रिपोर्ट है जो एडम्स की रिपोर्ट के नाम से प्रसिद्ध है, जो एक पादरी थे और बाद में जो जर्नलिस्ट हो गये थे। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बात कही है : -

> "This supposes that there are one lakh such schools in Bengal and Bihar and assuming the population of those two provinces to be four crore, there could be a village school for every 400 persons."

यह हालत हमारे देश में अंग्रेजों के आने से ठीक पहले थी। आगे चलकर उन्होंने जो मानदंड बनाये थे, उसके आधार पर वे कहते हैं कि

> "Taking therefore, eleven-thirtieth of the above mentioned 400 persons and three-seventh of the result, it will follow that in Bengal and Bihar, there is, on an average, a village school for every 63 children of the school going age."

यह परिस्थिति हमारे देश की थी। मैं इस संबंध में और अधिक विस्तार में नहीं जाना चाहता। डॉ. धर्मपाल जी ने ' दी ब्युटिफुल ट्री ' पुस्तक में तमाम चीजों को संकलित किया है जिसे मैं उद्धृत कर रहा हूं। यह पुस्तक हमारे देश के शिक्षाशास्त्रियों के लिये पठनीय और मननीय है क्योंकि इससे पता चलता है कि उस समय हमारे देश के स्कूलों की क्या दशा थी। गांवों और कस्बों में क्या व्यवस्था थी, पंचायतें किस प्रकार स्कूलों का प्रबंध कर रही थीं और गांवों तथा कस्बों में विशेाज्ञों का निर्माण किस प्रकार से हो रहा था। इस रिपोर्ट को देखने से यह भी पता चलेगा कि बंगाल, बिहार, मद्रास प्रेजीडेंसी, बम्बई प्रेजीडेंसी, पंजाब में शिक्षा की स्थिति अंग्रेजों के ठीक आने के पहले अच्छी थी। लेकिन यह बाद में बिगड़ी। उसका कारण यह था कि शिक्षा का जो तौर-तरीका अपनाया गया, वह बहुत मंहगा था और इस देश की व्यवस्था,

परम्परा, संस्कृति और आवश्यकताओं से मेल नहीं खाता था। इसका नतीजा यह हुआ कि जब अंग्रेज यहां से गये तब हमारी शिक्षा की स्थिति बहुत खराब थी।

अध्यक्ष महोदय, महिला शिक्षा की स्थिति तो और भी खराब थी। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुये हमारे संविधान निर्माताओं ने इस बारे में विचार किया और संविधान के अनुच्छेद 45 में यह व्यवस्था की कि राज्य 14 वर्ा तक की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा की व्यवस्था करेगा और 10 वर्ा के अंदर कर देगा। अगर आप देखें तो ज्ञात होगा कि 1951-52 के बाद 1961-62 तक यह पूरा हो जाना चाहिये था लेकिन आज हम 2001 तक आ गये हैं। अभी तक इस तरफ सभी प्रयत्नों के बावजूद भी हम कुछ नहीं कर पाये या हमने इसकी उपेक्षा की और विकास के अन्य मानदंडों की तरफ ज्यादा ध्यान दिया। शिक्षा को महत्वपूर्ण न समझकर इसकी उपेक्षा की गई। मैं उन तमाम कारणों में नहीं जाना चाहता कि किस कारण से यह स्थिति आई लेकिन मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि प्रथम पंचर्वीय योजना में शिक्षा के लिये जिस अनुदान की व्यवस्था की गई थी, उससे अधिक आज तक कोई सरकार ने प्लान आउटले में हिस्सा नहीं दे पाई है। मेरे ख्याल से यह 7.9 प्रतिशत ऐलोकेशन किया गया था लेकिन आज हम 4 प्रतिशत से अधिक नहीं बढ़ पा रहे हैं। यह ठीक है कि तब मात्रा 100 करोड़ लगती थी और आज 20-40 हजार करोड़ रुपया दिखाई देता है लेकिन अर्थ-व्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ जितनी धनराशि की आवश्यकता थी, वह नहीं दी गई है या नहीं दी जा सकी है। मैं उस कारण में नहीं जाना चाहता। आज सारा देश और सदन इस बात को स्वीकार कर रहा है कि भारत में शिक्षा की अनिवार्यता और नि;शुल्क व्यवस्था की आवश्यकता है। इसे यथाशीघ्र किया जाना चाहिये। हमें इस बारे में ध्यान देना होगा कि अभी भी करीब-करीब 50 साल के कार्यकाल में हम वह नहीं कर पाये हैं जो हमें 10 साल में करना था। ऐसा नहीं है कि शिक्षा के बारे में अनिवार्यता और नि;शुल्कता के बारे में पहली बार विचार किया गया हो। सच तो यह है कि आजादी की लड़ाई के जमाने में हमारे तमाम राट्रीय नेताओं ने, चाहे वह गोपाल कृण गोखले रहे हों, महात्मा गांधी रहे हों या महर्ि अरविन्द या डा. ज़ाकिर हुसैन रहे हों, उन सब ने शिक्षा की अनिवार्यता और नि;शुल्कता के लिये बल दिया। महात्मा गांधी ने मराठी दैनिक " आत्मोद्धार " में यह लिखा था ;

"The fifth requirement of national education is that it should be free."

फिर उन्होंने आगे चलकर कहा ;

"Lastly, the people themselves must have control over the planning and carrying out of education. In the exercise of this control lies education too. The people will then have faith in education meted out to their children and feel their responsibility towards it."

उन्होंने कहा कि शिक्षा का सामाजिक तौर से प्रबंध किया जाये जिसकी व्यवस्था हम करना चाहते हैं। उस पर तब ध्यान दिलाया था कि जब तक समाज की सहमति और सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक लोगों को अपने बच्चों को शिक्षण संस्थाओं में भेजने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। शायद स्व. गोपाल कृण गोखले पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1911 में इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में 16 मार्च को एक विधेयक पर बोलते हुये एक महत्वपूर्ण बात कही थी।

> "My Lord, an American legislator, addressing his countrymen more than half a century ago, once said that if he had the Archangel's trumpet, the blast of which could startle the living of all nations, he would sound it in their ears and say: `Educate your children, educate all your children, educate every one of your children.' The deep wisdom and passionate humanity of this aspiration is now generally recognized, and in almost every civilised country, the State today accepts the education of the children as a primary duty resting upon it. "

इसलिए यह 1911 से उन्होंने किया। उसके बाद1916 में यह विधेयक पास नहीं हो सका । फिर श्री विट्ठलभाई पटेल ने मुम्बई में 1916 या 1917 में एक विधेयक इस देश में, मुम्बई क्षेत्र में अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा लागू करने के लिए पास करा लिया था । इसलिए यह एक ऐसा महत्वपूर्ण काम है, जो हमारी आजादी की लडाई के जमाने में भी बराबर चलता रहा । श्री गोखले ने इसी भााण में आगे चल कर कहा था -

> "Turning next to the systems of education adopted in different countries we find that while in most of them elementary education is both compulsory and free, and in a few, though the principle of compulsion is not strictly enforced or has not yet been introduced it is either wholly or for the most part gratuitous, in India alone it is neither compulsory nor free. Thus in Great Britain and Ireland, France, Germany, Switzerland, Austria, Hungary, Italy, Belgium, Norway, Sweden, the United States of America, Canada, Australia and Japan, it is both compulsory and free, the period of compulsion being generally six years, though in some of the American States it is now as long as nine years. In Holland, elementary education is compulsory, but not free. In Spain, Portugal, Greece, Bulgaria, Servia and Rumania, it is free, and, in theory, compulsory, though compulsion is not strictly enforced. In Turkey too, it is free and nominally compulsory, and in Russia though compulsion has not yet been introduced, it is for the most part gratuitous."

उनका तब से इस बारे में बड़ा आग्रह था । दुनिया के देशों से तब भारत की तुलना की जा रही थी कि अन्य देशों की तुलना में भारत की क्या स्थिति है और हम शिक्षा के मामले में कितने पीछे हैं । डा. जाकिर हुसैन ने 1941 में बेसिक एजूकेशन कांफ्रेन्स को सम्बोधित करते हुए कहा था -

> "I think basic education is a task the State must undertake and perform. It is a task so intricate and so vast that private effort by itself cannot organise and control it. "

इस तरह ऋषि अरविन्द ने ये सब बातें कहीं थी । उन्होंने अपने लेख में कहा था, जो उन्होंने राट्रीय शिक्षा पद्धति के बारे में लिखा था -

> "The first problem in a national system of education is to give an education as comprehensive as European and more thorough without the evils of strain and cramming. This can only be done by studying the instruments of knowledge and finding a system of teaching which shall be natural, easy and effective. The muscles of mind must be thoroughly trained by simple and easy means. Then, not till then, great feats of intellectual strength can be required of them. "

अर्थात उन्होंने आग्रह किया है कि इतना बोझ बच्चों पर मत लाद दीजिए कि उनका मस्तिक काम न कर सके, बल्कि उनके मस्तिक को एक आर्काक ढंग से, सुविधाजनक ढंग से प्रशिक्षित कीजिए, ट्रेन कीजिए। उसके बाद फिर वह बड़ा काम करने के लिए इनटेलेक्चुअल दृटि से सफल होगा । इन सब बातों पर विचार करते हुए देश में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत समय से यह मांग अभिभावकों की तरफ से, अन्य राजनीतिक दलों की तरफ से उठती चली आ रही है और हमारे राट्रीय गठबंधन के एजेन्डा में भी है कि हम इस देश में अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करेंगे । आपको स्मरण होगा कि इस पर काफी विचार करने के बाद पिछली बार 1997 में संसद में एक विधेयक रखा गया था, जिसे स्थाई समिति के पास भेज दिया गया। स्थाई समिति ने उस पर विचार किया और विचार करने के बाद उन्होंने कुछ सुझाव दिये । उन सुझावों को जब हमने देखा तो यह लगा कि उनमें काफी सच्चाई है ।

वह सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं और उनका उपयोग किया जाना चाहिए। वह उस विधेयक को पूरा विधेयक, कारगर विधेयक बनाएंगे, उपयोगी बनाएंगे और व्यवस्थित बनाएंगे। प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में इस पर विचार हुआ और उन्होंने यह आदेश दिया कि इस विधेयक को ठीक ढंग से दुरुस्त करके सामने रखा जाए। उन्होंने मंत्रिमंडल के कुछ सदस्यों को यह काम सौंपा और उसकी बैठकों के पश्चात् विधि मंत्रालय की सलाह के बाद और विधि आयोग की सलाह के बाद हमने अब इस विधेयक को इस रूप में आपके सामने प्रस्तुत किया है। जो विधेयक की व्यवस्था 1945 में हमारे संविधान में थी, वह उनका एक निदेशात्मक सिद्धांत था, वह डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स थे। यद्यपि उन्नीकृणन जी के मामले में जो निर्णय हुआ उसमें सुप्रीम कोर्ट ने यह स्वीकार किया कि यह अनुच्छेद यद्यपि निदेशात्मक सिद्धांत है पर यह उतना ही प्रभावी है और होना चाहिए जितना कि कोई मौलिक अधिकार वाला अनुच्छेद हो सकता है। एक तरह से उन्होंने उस बात की स्वीकृति दी कि शिक्षा भी एक मौलिक अधिकार है और अनुच्छेद 45 को उसी रूप में देखा जाना चाहिए। इस को भी ध्यान में रखते हुए बहुत सी सरकारों ने कुछ अपने यहाँ कानून बनाए। 18-19 राज्यों ने अपने यहाँ कानून बनाए हैं, लेकिन क्योंकि शिक्षा समवर्ती विाय है और शिक्षा की व्यवस्था सारे देश में और सारे समाज के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, इसलिए केन्द्र सरकार का दायित्व है कि वह भी इस रूप में उस व्यवस्था को लागू करे और इसलिए इस विधेयक को पास करना और सामने लाना बहुत जरूरी था।

पिछला जो संशोधन था, उसमें एक बात यह कही गई थी कि अनुच्छेद 45 को पूरे तौर पर समाप्त कर दिया जाए और केवल अनुच्छेद 21 में एक दूसरा अनुच्छेद 21अ जोड़कर शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकार बना लिया जाए और अभिभावकों पर भी कुछ दायित्व डाला जाए जो फंडामेन्टल ड्यूटीज़ में और मौलिक कर्तव्यों के अनुच्छेद में डाल दिया जाए। इस पर जब संसदीय समिति ने विचार किया तो उनको लगा और ठीक लगा, मैं भी इससे सहमत हूँ कि जो अनुच्छेद 45 है, वह बच्चों को 14 वर्ा तक की अवस्था की शिक्षा का सरकार को निर्देश देता है। उसमें जन्म से 6 वर्ा तक के बच्चों को भी शामिल किया गया है और जिस रूप में पिछला विधेयक सामने रखा गया था, उसको मान लिया जाता तो जन्म से 6 वर्ा तक के बच्चे का जो शिक्षा के बारे में, कोई व्यवस्था कोई निर्देश किसी सरकार को, राज्य अथवा केन्द्र को संवैधानिक दृटि से उपलब्ध नहीं होता, यह बात मैं समझता हूँ कि एक कमी थी उसके अंदर, और जब संसदीय स्थायी समिति ने इस तरफ ध्यान दिलाया तो हम लोगों ने इस पर गहराई से विचार किया और कहा कि यह बात उठानी है और इसको किसी न किसी रूप में लाने की जरूरत है। हमने अनुच्छेद 45 में यह व्यवस्था की है कि वह 6 वर्ा तक के बच्चों के लिए शिक्षा के पूर्व की व्यवस्था और उनकी देखभाल करे, इसका निर्देश केन्द्र और राज्य सरकारों को देना भी जरूरी है, राज्य और केन्द्रों को, क्योंकि अगर यह व्यवस्था न की गई तो शिक्षा का पूरा महत्व हम स्थापित नहीं कर पाएंगे। मैं इसको थोड़ा साफ करना चाहता हूँ।

बालक की केवल शारीरिक तंदुरुस्ती होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि बालक का मस्तिक भी ठीक तरह से काम करने वाला होना चाहिए।

MR. SPEAKER: The Business Advisory Committee has allotted only two hours for the consideration and passing of this Constitution (Amendment) Bill. You have taken almost half-an-hour already. At the time of giving reply also, you can take some time.

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : मैं अभी पाँच-सात मिनट में अपनी बात खत्म करूँगा। यह विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। उसमें माता की अगर चिन्ता नहीं की जाएगी और गर्भवती माता की चिन्ता नहीं की जाएगी, जिस बच्चे ने जन्म लिया है, उसके स्वास्थ्य की, दवाइयों की चिन्ता नहीं की जाएगी तो वह 6 वर्ा की अवधि तक नहीं पहुँचेगा और पहुँच भी गया तो पढ़ने के नाकाबिल होगा। इसलिए यह विचार किया गया कि अर्ली चाइल्ड केयर का प्रबंध करना जरूरी है।

अध्यक्ष महोदय, इस हेतु हमारी अनेक स्कीमें हैं जिनके माध्यम से हम इसे लागू कर रहे हैं। हमारा महिला और बाल विकास का विभाग है। वह इस तरफ पूरा ध्यान दे रहा है। आई.सी.डी.एस. की स्कीम है जो इस चीज को देखती है। अब हमने उसे यूनीवर्सलाइज कर दिया है। उसे सारे देश के लिए उपलब्ध करा दिया है। प्लानिंग कमीशन से निरन्तर बातचीत चल रही है कि कैसे पोाण की स्थिति अच्छी बने, कैसे बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और उसकी क्षमता को बढ़ाने के लिए पूरी व्यवस्था कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से इस बारे में पूरी चर्चा हुई है। इसलिए यह जो शून्य से छः साल तक के बच्चों के लिए व्यवस्थाएं हैं, वे व्यवस्थाएं हम पक्के तौर पर आज भी, जितना और जहां तक भी संभव है, राज्य सराकरों के साथ मिलकर कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, शून्य से छः साल तक के बच्चों की संख्या भी हमारे देश में बहुत बड़ी है। 12 से 14 करोड़ के लगभग ऐसे बच्चों की संख्या है। इसलिए यदि उसका प्रावधान हम सरकारों पर डाल देंगे, तो मुश्किल होगा। जब हमने उनसे बात की, तो अधिकांश राज्य सरकारों ने कहा कि हम इस स्थिति में नहीं हैं। इसलिए पहले छः से 14 वर्ा तक के प्रावधान को पूरा कर लें, उसके बाद इस तरफ ध्यान देंगे, लेकिन तब तक हम इसको किसी कीमत पर पीछे छोड़ने वाले नहीं हैं। हम इस पर पूरा ध्यान दे रहे हैं। भले ही इसे हमने मौलिक अधिकारों में नहीं रखा है, लेकिन डायरैक्टिव प्रिंसीपल्स को भी हम उसी रूप में स्वीकार करते हैं और बराबर उस पर पूरा ध्यान देते जाएंगे और इसके लिए जितना भी आवश्यक होगा वह हम करेंगे। हमने कई योजनाओं को एक साथ मिलाकर इसका पूरा प्रबन्ध कर दिया है। इस दृटि से मैं अब समझता हूं कि जो संविधान के अनुच्छेद 45 की भावना थी उसको हमने पूरे तौर पर स्वीकार कर लिया है।

अध्यक्ष महोदय, यह कहा जा रहा है कि अगर आपने इस मामले को मौलिक कर्तव्यों के अन्तर्गत माता-पिता के ऊपर दायित्व डाल दिया, तो कहीं उनको दंडित तो नहीं किया जाएगा, मैं बताना चाहता हूं कि यह सोच ठीक नहीं है।

SHRI SHIVRAJ V. PATIL (LATUR): I should not interfere. If you do not mind it, I will take a minute. If I speak now

itself, it will help you and the House also to correct it. Article 45 says:

> "The State shall endeavour to provide, within a period of ten years from the commencement of this Constitution, for free and compulsory education for all the children until they complete the age of fourteen years. "

The new article which we are trying to introduce in the Constitution now says:

> "The State shall endeavour to provide early childhood care and education for all children until they complete the age of six years."

The Government has said that the State shall endeavour to provide early childhood care. This is an addition. This is good. We welcome it. What is missing is the words "free and compulsory." After all, it is going to remain in the Directive Principles of State Policy chapter. It will not create burden on the State Governments. There is no point in dropping these two words "free and compulsory." If you think it proper, then, you may amend it.

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : अध्यक्ष महोदय, जो शून्य से छः साल की अवस्था का परसेंटेज है, इसके ऊपर हमने बहुत शिक्षाविदों से राय ली है। इसको आप कंपलसरी नहीं कर सकते क्योंकि वह ऐसी अवस्था है कि जिसमें तीन-चार साल का बच्चा तो कुछ भी पढ़ने समझने लायक नहीं होता है। दुनियाभर में जिसमें बच्चे फार्मल शिक्षा के लिए पढ़ाई के लिए तैयार किए जाते हैं, तो उसे कंपलसरी करना संभव नहीं है और फिर इसे करने में जो कठिनाई है, मैंने आपको बताई कि राज्य सरकारें तैयार नहीं हैं। आज हम फ्री करने की तरफ ही बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी छः से 14 वर्ा तक के बच्चों की शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। उसकी तरफ ध्यान देकर हम उसको पूरा कर रहे हैं। तब तक ये बच्चे थोड़े और बड़े हो जाएंगे और तीन-चार साल का समय और निकल जाएगा, तब यह कोशिश भी की जाएगी कि इसके लिए भी और व्यवस्थाएं करें। फिर भी हमारी चिन्ता यह है कि शिक्षित होने लायक बच्चे स्वस्थ हों और स्वस्थ व सबल मस्तिक के बनें।

अध्यक्ष महोदय, दुनिया के किसी देश में शून्य से छः साल के बच्चों की शिक्षा का कंपलशन नहीं है और न ही फ्री है। वे अधिकांश स्थानों पर समाज के सहयोग से, कम्युनिटी के सहयोग से, माता-पिता के सहयोग से और सरकार के सहयोग से चलते हैं। हमारे देश में करीब 10 लाख स्कूल और गांव हैं जिनमें राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार को ये व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं। अगर सिर्फ लिखने की बात है, तो अलग है। उसमें लिख दें, उसका कोई मतलब नहीं है क्योंकि उसे हम अभी कर नहीं पाएंगे। आज तक हमने लिख रखा था फ्री और कंपलसरी शिक्षा हम 10 वर्ा में पूरी कर देंगे, लेकिन नहीं कर पाए। 10 वर्ा क्या 50 वर्ा में भी संभव नहीं हो पाया। इसलिए लिखने का कोई अर्थ नहीं है। वह संभव नहीं है। इसलिए जो संभव है उसे करें, तो बेहतर है। चाहे कोई भी सरकार आए। हमारी सरकार आए या आपकी सरकार। हम पूरी निठा के साथ काम करें। इस बारे में तो पूरा और सबका मतैक्य है कि इस तरफ पूरा ध्यान देना है और इस काम को जल्दी से जल्दी करना है। मैं आपको निश्चित रूप से यह आश्वासन देना चाहता हूं कि इस बारे में कोई कोताही नहीं होगी और यह शून्य से छः साल तक के बच्चों के लिए जो फ्री एजूकेशन एंड चाइल्ड केयर की व्यवस्था है उसके ऊपर पूरा ध्यान देंगे।

हम जो विदेशी सहायता भी इसमें लेते हैं, उसकी दृटि से भी और बातें कर रहे हैं, प्लानिंग कमीशन से भी बातें कर रहे हैं। हम इस देश की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह कर रहे हैं, कारपोरेट हाउसेज से आग्रह कर रहे हैं कि वे इस क्षेत्र में आकर जल्दी से जल्दी मदद करें। इसलिए इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

जो अन्तिम बात इसमें मुझे कहनी है, वह यह है कि इस विधेयक को पारित होने के पश्चात जो हम राज्य और सरकार मिलकर धन की व्यवस्था कर सकते थे, वह भी हमने प्रबन्ध किया था। हमने जो ग्रुप ऑफ एक्सपर्ट्स बिठाया था, उसने सब देखकर 89-90 हजार करोड़ रुपये की बात की है, जो हमें आने वाले 10 वर्ाों में लगाना है। आज भी हमारा जो सर्व शिक्षा अभियान है, वह एक ओन गोइंग स्कीम है। यहां प्रधानमंत्री जी बैठे हैं, मुझे उनका बहुत आभार प्रकट करना है कि यह एकमात्र स्कीम ऐसी है, जिसको उन्होंने आग्रहपूर्वक कहा कि यह चलती रहेगी। आज भले ही पंचवर्षीय योजना समाप्त हो गई है, लेकिन अगली योजना में भी यह स्कीम चलती रहेगी। अभी पंचवर्षीय योजना तो बनी नहीं है, लेकिन यह ओन गोइंग स्कीम के रूप में स्वीकार कर ली गई है। इसके लिए 85 प्रतिशत धन केन्द्रीय सरकार दे रही है और 15 प्रतिशत राज्य सरकारें दे रही हैं। अगली बार 75 प्रतिशत हम देंगे और 25 प्रतिशत राज्य सरकारें देंगी। उससे अगली योजना में 50 प्रतिशत हम और 50 प्रतिशत राज्य सरकारें देंगी, जो निरन्तर चलती रहेगी, इसलिए इस प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। मैं आपको निश्चित विश्वास दिलाता हूं कि जो हमारी राट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धान्त हैं, जिसके अन्दर एक सैटिसफैक्टरी क्वालिटी की व्यवस्था की गई है, उसका भी इन्तजाम हम कर रहे हैं और आज लगभग सभी राज्यों ने इस बात को स्वीकार किया है कि इस सर्व शिक्षा अभियान के मातहत स्कूलों में क्वालिटी का, गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा और आने वाले वर्ाों में फेजेज में वे इस व्यवस्था को लागू करेंगे, इसकी तरफ पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

मैं आप सबसे यह अनुरोध करूंगा कि इस व्यवस्था को, इस अनुच्छेद में संशोधन को आप सर्वसम्मति से पारित करें और भारत को एक नोलिज सोसायटी बनाने की तरफ महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए मदद करें। आगे आने वाले विश्व में केवल नोलिज सोसायटीज ही प्रतिस्पर्धाएं कर सकेंगी। भारत का रिकार्ड, भारत की परम्पराएं इस मामले में बहुत महान रही हैं और आगे भी अगर हम जल्दी से जल्दी शिक्षित, सुशिक्षित और स्वस्थ बना सकेंगे तो एक समर्थ और सम्पन्न राट्र का निर्माण कर सकेंगे। प्रधानमंत्री जी ने जो 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने का एक संकल्प लिया है, उसको पूरा करने में मदद करेंगे। मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया जाये।

MR. SPEAKER: This includes the reply also.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): No more reply.

SHRI SAMIK LAHIRI (DIAMOND HARBOUR): Thank you, Mr. Speaker, Sir. I am thankful to the Minister of Human Resource Development for introducing this kind of Bill. It has given us some opportunity to discuss about making the education as a Fundamental Right. It is most unfortunate that after 54 years of our Independence, we are now having some initiatives to make education a Fundamental Right.

It was stated in article 45 of our Constitution that free and compulsory education would be provided to all the children up to the age of 14 years within a definite period.

16.44 hrs (Shri Devendra Prasad Yadav *in the Chair*)

I quote from article 45. It states:

> "The State shall endeavour to provide, within a period of ten years from the commencement of this Constitution, for free and compulsory education for all children until they complete the age of fourteen years."

But according to this article, if good initiatives had been taken, then, definitely by the year 1960, this dream could have been realised. But it was then deferred to 1970, then to 1980, then again to 1990 and then to 2000. Recently, the Minister of Human Resource Development, Shri Joshi, has declared that India would achieve this target at least by 2010.

In this way, the time is going away. If we look back, there were several Committees and Commissions to look into the different aspects of education right from elementary to higher education. There was no dearth of Committees and Commissions in our country so far as the education is concerned. More than 120 Committees and Commissions have been constituted to look into different aspects of education right from elementary to higher education.

One of the Commissions, the 17 Member Education Commission headed by Dr. D.S. Kothari, which is one of the most important Commissions that was set up long back, submitted its report on 29th June 1966, if my memory is correct. It states:

> "The destiny of India is now been stopped in her classrooms. This, we believe is no more rhetoric in a world based on science and technology, it is education that determines the level of prosperity, welfare and security of the people. "

But, even after 54 years of Independence and even after three decades of submission of the report by this Commission, this could not be realised till date.

Now, let us have a look about the strength of our country so far as education is concerned and the place that we are occupying in the world. It has been referred by the hon. Minister, our position is not at all happy. According to the World Education Report, India shares 32.3 per cent of the illiterates of the world and it has been estimated in the report that India""s share of the global illiteracy will go up to 34 per cent in the year 2004.

Sir, we know that India is having a share of the global population of 16.9 per cent only. So, this data is enough to describe the sorry situation of our country so far as education and literacy are concerned. When our position is so bad, if we compare with the countries of the world and if we look into the expenditure on education, that situation is very bad there also. It is even worse.

If I refer to the Human Development Report 1997 -- I am referring to 1997 because the Eighty-Third Constitution (Amendment) Bill was under discussion by the Standing Committee, which has been very correctly referred by the hon. Minister -- at that time, India""s figure on public expenditure on education out of the total expenditure was 11.9 per cent, whereas the world figure was 14 per cent. Even the figure of other developing country like South Africa was 16.99 per cent.

Now, if we look at the public expenditure per student *as percentage of per capita* Gross National Income by India, it is also very low in comparison to the world figure. Where do we stand? It is only 16.3 per cent in India and the world figure is at 23.3 per cent.

Sir, we are having a big chunk of the world""s illiteracy, we are having big chunk of children who are out of school. Therefore we should have more and more expenditure on education. But ironically, the expenditure on education in our country has come down right from the First Five Year Plan to the Ninth Five Year Plan. It has been referred by the hon. Minister also and everybody knows that.

In the First Five Year Plan, the allocation was much higher. It was to the tune of 6.79 per cent out of the total plan outlay. It came down and in the Ninth Five Year Plan, it was to the tune of 4.25 per cent only. This resulted in a huge amount of illiteracy, a huge number of illiterates, huge number of out of school children and the position of the education of our country in comparison to other countries is very sorry. It is only because of the neglect that our education has received.

Sir, under this backdrop, when the 83rd Constitution (Amendment) Bill was introduced in the other House, it was referred to the Standing Committee. It was the first initiative in our country to declare education as a fundamental right. This Bill was introduced by the then United Front Government. Though it had its own lacunae, that was the first initiative in our country even after so many years of our Independence. Though the Standing Committee, within the due date, had submitted its Report to Parliament, Parliament could not take it up for discussion because the United Front Government fell down. What had happened after that? After that, the 83rd Constitution (Amendment) Bill could never see the light of the day. It was gathering dust for years together. In between we have seen the statements of the Union HRD Minister, Shri Joshi, many times. Before every Session of Parliament, we used to see in the newspapers that the Education Minister of our country is committing before the nation that within a short span of time, he is going to introduce the Bill. But for years together, it was not introduced. But, now ultimately, it has been introduced as the 93rd Constitution (Amendment) Bill. Though for renaming one amendment has been circulated, let it be placed by the Minister at the time of placing the amendments.

Now, after going through the different aspects of this 93rd Constitution (Amendment) Bill, I am very sorry to say that it is indeed a back leap in comparison to the present status. Why I am saying so? Sir, in Article 45 of the Constitution, which has been very correctly referred to and mentioned by Shri Shivraj V. Patil, it has already been there - up to the age group of 14, free and compulsory education will be provided.

Sir, I would like to refer to the famous judgement of the Supreme Court, that is, Shri Unnikrishnan's judgement, way back in 1993, and I quote:

> "It is noteworthy that among the several articles in Part IV, only article 45 speaks of time-limit. No other article does.

Has it made any significance? Is it a small pious wish even after 54 years of our Independence?" ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI SAMIK LAHIRI : Sir, I will be concluding my speech shortly. This is a very important Bill. Please allow me some more time.

So, Sir, in that particular judgement, the Supreme Court had conferred the fundamental right to the students, to all the children up to the age group of 14. Now, in the proposed 93rd Constitution (Amendment) Bill, the age group between 0 and 6 has been eliminated. Why is it so? I would like to know as to what has prompted the Government to decide it.

It has been said, at the time of placing the Bill by the hon. Minister, that for the age group between 0 and 6, he cannot make it compulsory. But why can you not make it free? The question that is posed by the Minister is this. Where from the money will come? Sir, even after 54 years of our Independence, we could not realise the dream of the framers of our Constitution. They categorically stated that within 10 years, it would be done. Now, again if you leave it to article 45, it will never be realised. You cannot segregate the age group between 0 and 6. It will never be realised. After 54 years of our Independence, now we could find some time to discuss about making education as a fundamental right. We do not know after how many years again we will find some time to discuss this particular aspect of this Constitution. That is why, I would urge upon you not to leave this age group of 0 to 6. Early childhood care and education are very important. You cannot segregate this from the elementary education. Early childhood care cannot be segregated from the elementary education. This is an integral part of the elementary education and it has been acclaimed everywhere internationally.

You had been in the teaching profession for so long. You have that experience. Even we were a signatory of the UN Charter in the year 1992. There also it has been stated that early childhood care education should be taken care of by the Government. Then, why are you excluding this 0-6 age group? Some suspicion is roaming in and around my mind. Why is this 0-6 age group left out? May I refer here to this point? 16,000 schools are being run by the RSS as Saraswati Sisu Vidhya Mandirs. Are you trying to exclude those schools from the arena of the State, and Government control? Do you want to do that? That is why it has been excluded? Let some scientific and realistic explanation come from the hon. Minister.

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI SAMIK LAHIRI : I am concluding. But it is very important. After so many years, we found some time to discuss this fundamental right. So, please do not curb my right to say. ...(*Interruptions*) Sir, another important point is the financial aspect of this Bill. If we make it a fundamental right, definitely a big amount of money is needed for it. One Committee was set up. Prof. Tapas Mazumdar Committee had indicated that a total amount of Rs.1,36,92,200 crore

is needed. Already you have stated that in the Ninth Five Year Plan, the share would be 15:85 ratio. In the next Five Year Plan, it will be 25:75 ratio and in the next Plan to that, it will be 50:50 ratio and from that onwards it will carry on. But some few months are left for the completion of the Ninth Five Year Plan. It means it will start from 75:25 ratio. You have to see this. This is the responsibility of the Government to arrange for the money. This is one of the most important aspects. It has been stated by Kothari and even during placing this particular Bill, you said of the immense importance of imparting elementary education. If I can refer Prof. Amartya Sen and Jhon Dreze, their research papers have stated that if you put five paise in elementary education, you will get 25 paise back in your GDP. Even that financial aspect is also there. So, why are you not arranging that much of money? This is a social investment. But unfortunately, if we look at the Budget of this Government for the last three years, the allocation for education has gone down in terms of percentage. I can quote but I do not want to waste the time of the House. So, I am not going into those figures but it is true. When you need more and more money, when you need to allocate more and more money, you are drastically cutting down your Budget for education. You may say that the Prime Minister or the Finance Minister is not giving enough money to you but it is the problem of your Government and you have to arrange it. Why do you not go in for some alternative arrangement? You are giving so many relaxations to the corporate houses. Why cannot you impose an education cess on the corporate houses and accumulate some amount of money so that this can be met and realised? In that manner you have started accumulating some kind of money for road. So, why cannot you do it so far as education is concerned? It bears immense importance.

Last but not least is this. One of the most important aspects has been stated in the Bill in the last clause that in article 51(a) of the Constitution, after clause (J), the following clause shall be added, "who is a parent or guardian to provide opportunities for education." It is whose responsibility? Is it State's responsibility or the guardian's responsibility to provide the opportunity?

17.00 hrs.

You have stated here that a person who is a parent or a guardian has to provide opportunities for education. It is the duty of the State. If you make it a Fundamental Right, it becomes the duty of the Government to impart education to the child. It is not the duty of the parents or guardians. You could say that the duty of the parents would be that they should encourage children to go to school or to get educated but you cannot confer the responsibility upon them. You cannot shy away from your responsibility or you cannot abdicate your responsibility by putting the burden on the shoulders of the parents and guardians. This is another major point where the Government is trying to shy away from discharging its own responsibility. These are the major lacunae. I urge upon the hon. Minister and I urge upon this august House that the lacunae have to be addressed.

This is a very important Bill. After many years, we are discussing this Bill. So, I urge upon the hon. Minister that he should consider it with flexibility. He may please rise above partisan politics, think about the 6.5 crore children who are out of school and think about the poor families. In our country, 35 per cent of our population is living below the poverty line. He should think about what is going to happen to them. He has to consider all these aspects. If all these lacunae are not removed, this Bill would be detrimental to their interests and will not be able to serve the purpose of declaring elementary education as a Fundamental Right.

I hope and wish that the hon. Minister would definitely be able to understand and he would be flexible enough to incorporate these points and would be able to plug the loopholes and make this Bill more comprehensive.

With these words, I thank you, Mr. Chairman, for giving me this opportunity.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : सभापति जी, संविधान के 93वें संशोधन विधेयक -2001 पर बोलने के लिए आपने अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

मान्यवर, जीवन के प्रारम्भिक काल से शिक्षा हमारा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास करती है और शिक्षा से लोग स्वावलम्बी और पुरुार्थी बनते हैं। आज अनेक प्रयत्नों के फलस्वरूप ही भारत ने प्रारम्भिक शिक्षा में स्कूलों की, छात्रों की, अध्यापकों की बहुत अधिक संख्या बढ़ाई है। लेकिन इसके बावजूद भी अभी भी प्रारम्भिक शिक्षा का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। इसी कमी को पूरा करने के लिए माननीय मंत्री महोदय ने यह संविधान संशोधन विधेयक लाने का कट किया है और वह इसके लिए बधाई के पात्र हैं। यह सरकार और इसके मानव संसाधन मंत्री माननीय जोशी जी जो खुद शिक्षा जगत से जुड़े हुए हैं उन्होंने देश में शिक्षा की दुर्दशा को पीड़ा और वेदना के साथ देखा है। हमारे पूर्व-वक्ता माननीय समीक लाहिड़ी जी ने अभी जो बातें कही हैं उनको दोहराने की आवश्यकता मैं नहीं समझता। लेकिन देश की स्वतंत्रता के पश्चात प्रारम्भिक शिक्षा की जिम्मेदारी जिन पर थी उन्होंने पूरी नहीं की। मैं दलगत आरोप लगाने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं लेकिन यह एक वास्तविकता है। माननीय लाहिड़ी जी, जिस सरकार को आपकी पार्टी समर्थन देती रही, उसने पूर्व में यह कभी नहीं कहा कि अनिवार्य शिक्षा का विधेयक लाना चाहिए और अनिवार्य शिक्षा देनी चाहिए। माननीय लाहिड़ी जी, आप जिस प्रदेश से आते हैं उसमें आपकी सरकार है और अगर आप अपने प्रदेश में इस बात के लिए अगुवाई किये होते और इस प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था किये होते तो आज आपने जो भााण किया वह अनुकरणीय होता।

'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' - वह वहां कुछ काम नहीं कर रहे हैं। आप यहां आलोचना के लिए आलोचना करते हैं। अच्छे काम के लिए यह विधेयक आया है। माननीय जोशी ने उस अच्छे काम की शुरुआत की है। उनको धन्यवाद देना चाहिए और बहुत-बहुत शुक्रिया भी अदा करना चाहिए कि उन्होंने इसमें पहल की है।

मैं 1950-51 में स्कूलों की संख्या के बारे में बताना चाहता हूं ताकि यह बात रिकॉर्ड में आ जाए। 1950-51 में स्कूलों की संख्या 2 लाख 31 हजार थी। जो लगातार

बढ़ती गई। आज यह संख्या चार गुना बढ़ कर 1998-99 में 9 लाख 30 हजार पहुंच गई। प्राथमिक शिक्षा चक्र में नामांकन में छः गुना वृद्धि हुई है। नामांकन 1.9 करोड़ से बढ़ कर 11 करोड़ पहुंच चुका है। प्राथमिक स्तर के नामांकन में इतना एडिशन हुआ यानी 13 गुना की वृद्धि हुई है। लड़कियों के नामांकन में 32 गुना की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। यह एक उल्लेखनीय बात है। अभी भी देश में लगभग एक लाख ऐसी बस्तियां हैं जहां एक किलोमीटर की दूरी के भीतर स्कूली सुविधा उपलब्ध नहीं है। आपने इस दिशा में बहुत अधिक प्रयास किया लेकिन आज भी जो कमियां हैं, वह हमें चुनौती दे रही हैं। उस चुनौती को यह सदन स्वीकर करे। आपने सर्व शिक्षा अभियान चला कर अच्छी योजना चलाई। राज्यों के सहयोग से एक समयबद्ध विकृत पद्धति के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा से सर्व सुलभीकरण का लक्ष्य पूर्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास किया। विभाग और आप इसके लिए धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं। आपके विभाग ने जिस तरीके से काम प्रारम्भ किया और अनिवार्य शिक्षा देने के लिए जो प्रयास किया, सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जो लक्ष्य रखा कि 2003 तक सभी बच्चे स्कूली शिक्षा वैकल्पिक स्कूलों अथवा वापस स्कूल चलो शिविरों में होंगे, वह एक स्वागतयोग्य कदम है। सभी बच्चे 2007 तक पांच वर्ाों की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर लेंगे। सभी बच्चे 2010 तक आठ वर्ाों की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर लेंगे। जीवन के लिए शिक्षा पर बल देते हुए संतोाजनक स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना आपके विभाग की तरफ से प्र ाारम्भ हुआ है। वह फलदायी साबित हो रहा है, मैं इसके लिए सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और सरकार की इस बात के लिए प्रशंसा करता हूं।

मैं यह बात जरूर कहना चाहता हूं कि भवन निर्माण की बहुत आवश्यकता है। प्रारम्भिक शिक्षा अनिवार्य रूप से देने के लिए भवनों की आवश्यकता बहुत अधिक है। बहुत से टूटे-फूटे भवन पूरे देश और उत्तर प्रदेश में भी हैं। मैं चाहूंगा कि इसके लिए अधिक धनराशि आवंटित की जाए जिससे स्कूलों का निर्माण हो सके। केन्द्रीय सहायता के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के बीच में 75 और 25 का जो आधार है उसे भी देखा जाए। अगर कोई राज्य सरकार कमजोर है जैसे बिहार सरकार है।â€¦ (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : उत्तर प्रदेश की सरकार है।

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : बिहार सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से भी कमजोर है। अगर मैं कहूं कि आर्थिक दृटि से उत्तर प्रदेश सरकार से कमजोर बिहार सरकार है â€¦ (व्यवधान) ...(व्यवधान)... *

सभापति महोदय : आसन की बिना अनुमति से रघुवंश बाबू ने बोला है इसलिए उस पर कोई ध्यान न दिया जाए।â€¦ (व्यवधान)

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : 75 और 25 का जो रेशो है â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदयः आपस में टोका-टाकी मत कीजिए। आप अपना भाण प्रारम्भ करिए। â€¦ (व्यवधान)

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : मैं बुद्धिमान का उत्तर दे सकता हूं लेकिन मैं आगे बढ़ रहा हूं। मगर मैं यह कहना चाहता हूं कि बिहार प्रदेश आर्थिक रूप से कमजोर है। इसलिये केन्द्रीय सरकार को चाहिये कि 75-25 परसेंट का रेशो कम करे लेकिन हमारे साथी ने जो कुछ कहा, वह अलग बात है, इस पर मैं नहीं जाता।

कुंवर अखिलेश सिंह : इसमें उत्तर प्रदेश को जोड़िये।

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : माननीय सभापति महोदय, प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में देश ने शानदार प्रगति की है। 6-14 वर्ा आयु वर्ग के 20 करोड़ बच्चों में से 4.2 करोड़ बच्चे आज भी स्कूलों से बाहर हैं। इस बात को सरकार ने स्वीकार किया है कि बड़ी संख्या में बच्चे अनिवार्य शिक्षा से वंचित है। अभी तक देश में एक लाख बस्तियां ऐसी हैं जिनको एक किलोमीटर तक के स्कूल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे मालूम होता है कि प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने में कितने बच्चे पिछड़े हुये हैं। मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि आज भी दिनभर बच्चे कूड़े के ढेर में से सामान एकत्रित करते हैं जिसे वे बेचकर अपना पेट भरते हैं। ऐसे भी बच्चे हैं जो ईंट भट्टे पर काम करते हैं और भीख मांगकर अपना भरण-पोाण करते हैं। 6-14 वर्ा के गरीब बच्चों को किस प्रकार शिक्षा दी जाये, इस पर शिक्षा विभाग ने ि वस्तृत विचार किया है। मैं चाहूंगा कि इन बच्चों के लिये भी ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिये जिससे वे शिक्षा प्राप्त कर सकें।

सभापति महोदय, मंत्री जी ने जो काम किया है, अच्छा किया है। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत ऐसे राज्यों में सहयोग और समयबद्ध एकीकृत पद्धति के माध्यम से प्र ाारम्भिक शिक्षा सर्व सुलभीकरण शिक्षा का लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास है। आपके प्रयास की जितनी प्रंशसा की जाये, उतनी कम है। मंत्री जी ने प्र ाारम्भिक शिक्षा को और पुट करने के लिये पोाहार सहायता का राट्रीय कार्यक्रम लागू किया है। इसके अंतर्गत मध्यान्ह भोजन...

MR. CHAIRMAN : सरकार की तरफ से जवाब आयेगा, आप अपनी बात कहिये।

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : सभापति महोदय, मध्यान्ह भोजन की योजना एम.डी.एम. के नाम से विख्यात है जिसे 15 अगस्त, 1995 से शुरु किया गया था। इसी योजना के कारण 1-5 कक्षा के बच्चों का प्रवेश बढ़ा और इससे बच्चों का कक्षाओं में टिकाव बढ़ा। बच्चों को स्कूल जाने की आदत हुई। इस योजना के अंतर्गत जो खर्च किया गया, वह प्रारम्भिक शिक्षा पोाहार सहायता का राट्रीय कार्यक्रम है। 1995 में 3.34 करोड़ बच्चों को इस योजना में शामिल किया गया। 1996-97 में 5.57 करोड़, 1997-98 में 9.10 करोड़, 1998-99 में 9.79 करोड़, 1999-00 में 9.90 करोड़, और 2000-01 में 10.50 करोड़ बच्चों के लिये मध्यान्ह भोजन की व्य वस्था की गई। मेरा सुझाव है कि इसमें और बढ़ोत्तरी किये जाने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, जहां तक बच्चों के लिये खाद्यान्न मात्रा का सवाल है, यह पर्याप्त है। जिन राज्यों ने उठाया है, वह पर्याप्त मात्रा में उठाया है लेकिन बहुत से राज्य ऐसे हैं जो दोपहर के भोजन के स्थान पर अनाज का वितरण कर रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से चाहूंगा कि वह ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि उन लोगों को भोजन मिल सके । आप चाहते हैं कि मैं थोड़े समय में समाप्त कर दूं, मैं आपका बहुत आदर करता हूं । अंत में मैं कहना चाहता हूं कि छात्रदेवो भव: की मानसिकता लेकर काम करने की आवश्यकता है । आवश्यकता इस बात की भी है कि जो प्राइवेट विद्यालय हैं, उन प्राइवेट विद्यालयों में पब्लिक स्कूलों द्वारा जिस तरीके से शिक्षा का व्यवसायीकरण किया जा रहा है और जिस तरीके से धन उपार्जन के लिए वहां शिक्षा को व्यवसाय बनाकर शिक्षा दी जा रही है, बड़े शहरों में बहुत सारे पब्लिक स्कूल खुले हैं । उनमें एक प्रकार का पाठ्यक्रम होना चाहिए, फीस में समानता होनी चाहिए । वहां दो सौ, तीन सौ रूपये फार्म के ले लेते हैं और हजारों रुपये एडमीशन के लेते हैं । इंटरव्यू में पूछा जाता है कि आपके माता,पिता को अंग्रेजी आती है या नहीं, यदि उन्हें अंग्रेजी नहीं आती तो एडमीशन नहीं होगा । एक तरफ हमारे स्कूल हैं, जहां हम टाट और पट्टी भी नहीं दे पाते हैं, ब्लैक बोर्ड की व्यवस्था भी नहीं कर पाते हैं । इस प्रकार से समाज के अंदर जो असमानता है, इस असमानता को दूर करने के लिए माननीय मंत्री जी को विचार करना चाहिए ।

सभापति महोदय, अंत में मैं कहना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार ने 36000 राजीव गांधी पाठशालाएं खोली हैं । उन्होंने पाठशालाएं तो खोल दी हैं, लेकिन उनमें एक-एक अध्यापक रख दिया है । वह अध्यापक आठवीं पास हैं, यह उसकी योग्यता है । आठवीं पास लोगों को वहां नियुक्त कर दिया है । â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आप समाप्त कीजिए ।

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : जो स्वयं शिक्षित नहीं है, वह क्या शिक्षा देगा । यहां जो प्रस्ताव लाया गया है, मैं उसका समर्थन करते हुए अंत में एक बात और कहना चाहता हूं ।â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपकी कोई बात रिकार्ड पर नहीं जा रही है ।

...(व्यवधान) *...

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं ।

*Not Recorded.

